संक्षिप्त

228 बदमाशों को किया गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत जिले की विभिन्न पुलिस थाना टीमो की 79 टीमों ने 332 स्थानों पर दबिश 228 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के दर्ज 2 प्रकरणों में 3 आरोपी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6.8 ग्राम स्मैक, 1.528 किलो ग्राम गांजा एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। इसी प्रकार आर्म्स एक्ट में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे दो चाकू जब्त किए गए हैं। इसी क्रम में एमएमआरडी एक्ट में दो आरोपी गिरफ्तार किए जाकर उनके कब्जे से अवैध बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये है। इसी प्रकार आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 263 पव्वे देशी शराब, 8.25 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। इसके अलावा 5 प्रकरण अन्य एक्ट में दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किए।

गांवों में सदस्यता अभियान चलाने का लिया संकल्प

निवाई। कृषि उपज मंडी में किसान महापंचायत के तत्वावधान में युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई ने की। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह ने बताया कि बैठक में निवाई क्षेत्र के सभी गांवो के किसानों ने भाग लिया व सर्व सम्मति से गांवो में किसान महापंचायत द्वारा सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्य बनाने का निर्णय लिया। सदस्यता अभियान में किसानों के अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी ने बताया कि बैठक में जल यात्रा की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में कमलेश कुमार जाट, लक्ष्मण मीणा, गोविंद चौधरी, गणेशनारायण मीणा, सूरजनारायण चौधरी, राम जाट, पुखराज मीणा, गिरिराज गुर्जर, पूर्णमल बैरवा, सांवरमल मीणा, बाबूलाल मीणा, राजाराम पहाड़ी, लक्ष्मीनारायण खेड़ा, राधाकृष्ण मीना, नाथूलाल मीणा व राजेश जाट सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक आयोजित

टोंक। टीबी मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत मल्टी सेक्टरल और टीबी फोरम की मीटिंग जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। यह मीटिंग नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम को मजबूत बनाने और टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित हुई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ हिमांशु मित्तल ने बताया कि बैठक में पिछले वर्ष की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और आगामी लक्ष्यों पर कार्ययोजना तैयार किया गया। डॉ मित्तल ने बताया कि गत वर्ष टीबी नियंत्रण में प्रगति हुई, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौतियो को हटाने के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायतो पर जागरूक गतिविधियां आयोजित की गई जो कि एक निरन्तर प्रक्रिया है। नई पहल डिजिटल ट्रैकिंग ऐप का विस्तार, निजी अस्पतालों से रिपोर्टिंग अनिवार्यता और पोषण किट वितरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

पाठ्य सामग्री व बैंग पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे

दौसा। ग्राम पंचायत काली पहाड़ी में मंगलवार को राजकीय पी एम श्री विधालय में बच्चों को पाठ्यक्रम सामग्री व बैंग वितरण किया गया। प्रधानाचार्य आशा मीणा ने बताया कि मंगलवार को पी एम श्री योजना के अन्तर्गत की एम एम प्राईमेरी गतिविधि में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के समस्त बालक बालिकाओं को कला कीट व बैंग का वितरण किया गया। पाठ्य सामग्री व बैंग पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान प्रधानाचार्य आशा मीणा, रंगलाल मीणा, महेश कुमार मीणा,केलाश चन्द्र सैन, उमाशंकर शर्मा, मीना मीणा, हेमलता मीणा, ज्योत्स्ना यादव आदि मौजूद रहे।

समारोह कल

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 22 जनवरी को वार्षिकोत्सव एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि सांसद हरीश मीणा होंगे एवं विधायक रामसहाय वर्मा अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीरसिंह चौहान, निवर्तमान प्रधान रामअवतार लांगडी व भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

भाजपा खुद फैला रही है भ्रम, गरीबो का निवाला छीनने का काम कर रही है : विधायक डीसी बैरवा

- दौसा विधायक डीसी बैरवा बुधवार को ग्राम पंचायत खानपुरा, पिपल्या चैनपुरा, रजवास, खानवास, लवाण, डिगारिया में सम्बोधित करेगें। उन्होने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियो से नुक्कड सभा में उपस्थित होने की अपील की है

दौसा। दौसा विधायक डीसी बैरवा ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर भाजपा खुद जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है, भाजपा ने मनरेगा बंद कर गरीबों का निवाला छीनने का काम किया है, जिससे कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दास्त नही करेगी।

दौसा विधायक डीसी बैरवा मंगलवार को मनरेगा बचाओ संग्राम ग्राम पंचायत टिकरिया, लाडली का बास, थूमड़ी, कालीखाड़, चुडियावास, मलवास, प्यारीवास, मानपुरिया, छारेड़ा एवं बैजवाड़ी में आयोजित नुक्कड़ सभाओ में बोल रहे थे।कांग्रेस गांव-गांव अभियान चलाकर आमजन को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनविराधीनीतियों की जानकारी दे रही है। उन्होने कहा कि भाजपा ने लोगो के बीच भ्रम फैलाकर लोगो को लडवाने का काम किया है, अब

नुक्कड सभा को सम्बोधित करते विधायक डीसी बैरवा।

लोककल्याणकारी योजना मनरेगा को बंद कर गरीबों का निवाला छीन रही है।

उन्होने भाजपा पर पलटवार करते हुये कहा कि कांग्रेस ने आमजन को गांव में ही रोजगार देने के लिए मनरेगा को शुरु किया था, ताकि रोजगार के लिए ग्रामीणो का पलायन रुक जाये, भाजपा के नेता कहते है कि मनरेगा से भ्रष्टाचार फैल रहा था, कांग्रेस ने गरीबो के हितो की रक्षा के लिए एक से बढकर एक योजना शुरु कर थी।

भाजपा उद्योगपतियों को लाभ देने के लिए मनरेगा जैसी योजनाओ को बंद कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढाकर उद्योगपतियों की फैक्ट्री के लिए सस्ते दरो पर मजदूर उपलब्ध कराने का काम कर रही है।

इस दौरान नुक्कड सभा को नांगल राजावतान प्रधान दिनेश बारवाल, उपप्रधान जयंत मीणा, मंडल अध्यक्ष सीताराम मीणा, मंडल अध्यक्ष जगदीश मीणा, शहर प्रवक्ता शीतल चौबे, सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश गोठवाल, राजेंद्र मोहनपुरा, फैलीराम मीणा कमिश्नर, समाजसेवी अमित धूलकोट, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष नांगल राजावतान, चंद्रमोहन मीणा (पूर्व सरपंच), लक्ष्मण गुर्जर, कैलाश बैसला, फूलचंद मीणा, रामधन एडवोकेट, लक्ष्मीनारायण मीणा (कानपुर), मीडिया प्रभारी हेमराज सिंह, समाजसेवी नमोनारायण शेखावाला, ललित छारेड़ा, बिना बैरवा (प्रधान लवाण), सुनीता मीणा (जिला परिषद सदस्य), रुक्मणी गुप्ता, मीना शर्मा, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष हरकेश अवाना, उपाध्यक्ष मोनू पचवारा सहित अनेक पदाधिकारियो ने सम्बोधित किया।

पोलैंड के उप प्रधानमंत्री का किया स्वागत

खैरथल। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की और उनकी पत्नी ऐनी एप्पलबाउम का जयपुर यात्रा के दौरान राजस्थानी अकादमी के यूथ अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, निशांत शर्मा और अनिल नीमरोट ने राजस्थानी संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली पेंटिंग भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। उप प्रधानमंत्री ने संक्षिप्त वार्ता में राजस्थानी संस्कृति और यहां के मेहमान नवाजी की तारीफ की । राजस्थानी अकादमी राजस्थानी संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक स्तर पर लगातार कई वर्षों से अध्यक्ष डॉ गौरव गुप्ता के नेतृत्व में कार्य कर रही है, जिसके यूथ अध्यक्ष खैरथल निवासी प्रशांत शर्मा है। जयपुर यात्रा के दौरान पोलैंड के उप प्रधानमंत्री व पत्नी का स्वागत करते राजस्थानी अकादमी के यूथ अध्यक्ष प्रशांत शर्मा सहित स्वागत करते सदस्य।

एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक की

- सरकारी पत्राचार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लोगो का अनिवार्य रूप से उपयोग किए जाने, ड्रॉपआउट बालिकाओं का चिन्हीकरण कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए

कोटपूतली। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में मंगलवार को बेटी बचाओं बेटी पढाओं', जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र, राजस्थान डायन प्रताडना निवारण योजना, वन स्टॉप सेन्टर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की बैठक का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर सहारण की अध्यक्षता में महिला समाधान समिति, सलाह केन्द्र की बैठक का आयोजन हुआ।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने समस्त सरकारी पत्राचार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लोगो का अनिवार्य रूप से उपयोग किए जाने, ड्रॉपआउट बालिकाओं का चिन्हीकरण कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए। पीसीपीएनडीटी सेल का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि संस्थागत प्रसव को बढाने, लिंगानुपात में सुधार एंव विभागीय योजनाओं जैसे लाड़ो प्रोत्साहन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

नई चेतना 4.0 पर विधिक जानकारी शिविर आयोजित

शाहपुरा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष भँवरलाल बुगालिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद शाहपुरा में श्रीराम पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हंसा जाट द्वारा की गई। इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार, एवं सभी प्रकार की परीक्षाओं में डिजिटल, ब्लूटूथ,वाई-फाई एवं अन्य किसी भी प्रकार से नकल करना एवं करवाना अपराधिक गतिविधियों में शामिल है। नई चेतना 4.0 '' पर विधिक जानकारी प्रदान की। महिलाओं के घरेलू हिंसात्मक उत्पीड़न पर बताया कि आपको जिला विधिक सेवा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर मिस कॉल करें।

पुलिस ने बुलेट चोरी कर भागे युवक को बाइक सहित पकड़ा

- सीसीटीवी कैमरे बाईक लेकर जाते शातिर चोर का चेहरा आया स्पष्ट, सौशल मीडिया पर वायरल फोटो ने पुलिस को चोरों तक पहुंचाया

किशनगढ़ बास। किशनगढ़ बास पुलिस थाना इंचार्ज ने त्वरित कार्रवाई कर रैणी मौहल्ला स्थित पत्रकार मुकेश सोनी के मकान के बाहर से बुलेट मोटर साइकिल लेकर भागे बदमाश युवक भीम सिंह व बाल अपचारी को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पकड़ में आए युवक ने खैरथल व किशनगढ़ बास से एक दर्जन बाईक चोरी की वारदातें कबूल की है। इस खुलासा के बाद व्यापारिक संगठनों, राजनीतिक संगठन कार्यकर्ताओं ने थाना इंचार्ज बनवारी लाल मीणा सहित टीम को त्वरित कार्रवाई करने पर बधाई दी है।

शुक्रवार को बुलेट मोटरसाइकिल मालिक पत्रकार

बदमाश युवक भीम सिंह

मुकेश सोनी ने पुलिस थाने में सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए अज्ञात चोर की फोटो सहित बाईक चोरी करके ले जाते युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। त्वरित कार्रवाई कर बाईक की बरामदगी व चोरों को पकड़ने को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल सहित भाजपा कार्यकर्ता, व्यापार महासंघ के लोग अध्यक्ष परमानंद लखयाणी एवं मीडिया कर्मी थानाधिकारी से मिले थे।

पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत मनीष कुमार के निर्देशन में श्रीमती जया सिंह आईपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृत अधिकारी लाल सिंह यादव व बनवारी लाल मीणा थाना इचार्ज किशनगढ़ बास के निर्देशन में गठित टीम ने 15 जनवरी को कस्बे के रैणी मौहल्ला से चोरी हुई बाईक एवं बाल अपचारी को पकड़ कर बाईक बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर तकनीकी सहायता से संदिग्धो के संभावित ठिकानों पर दबीश दी गई। 20 जनवरी को मुखबीर सूचना पर दौराने नाकाबंदी मुलजिम भीम सिंह 20 साल पुत्र अजीत सिंह ओढ़ राजपूत भिड़ूसी पुलिस थाना जैरोली एवं बाल अपचारी को गिरफ्तार कब्जे से बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई। मुलजिम से गहनता से पूछताछ जारी है। पुलिस की पकड़ में आया मुलजिम आदतन अपराधी हैं और खैरथल किशनगढ़ बास से एक दर्जन वारदातें कबूली है। गठित पुलिस टीम में थाना इंचार्ज बनवारी लाल मीणा, सहायक उप निरीक्षक शिवदयाल, हेड कांस्टेबल हितेश कुमार, कांस्टेबल नीरज, प्रदीप रहे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आमजन में विश्वास की भावना जागृत हुई है। वहीं त्वरित कार्यवाही की सराहना हो रही है।

'खेल छात्राओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम'

- वनस्थली विद्यापीठ में विजेता खिलाडियों को किया सम्मानित

निवाई। वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र की 52 विश्वविद्यालयों की महिला क्रिकेट टीमों ने सहभागिता से जोश के साथ दमखम दिखाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विद्यापीठ की कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल छात्राओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं, जिनसे नेतृत्व, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। वनस्थली सेंटर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री ने कहा कि भविष्य में वनस्थली विद्यापीठ में और भी बड़े राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ी छात्राओं को निरंतर परिश्रम कर भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन हेतु प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया और विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रतियोगिता में खेलने वाली खिलाड़ी भविष्य में भारतीय टीम का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष संचालन में तकनीकी अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही। बीसीसीआई से नियुक्त मैच रेफरी अजात शत्रु उदयपुर ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। अंपायरिंग टीम में परविंदर जयपुर, दिनेश उदयपुर, धरमवीर जयपुर, कैलाश मीणा उदयपुर, जया कोरानी अजमेर, गिरधर, नीरज चौधरी एवं नितेश भट्ट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रतियोगिता में स्कोरिंग का दायित्व अपूर्वे, अरविंदर सिंह, रघुनंदन एवं अमन ने निभाया।

कमेंट्री टीम में प्रो. अफरोज आलम, डॉ. शरद वत्स एवं सुरेंद्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्कोर बोर्ड संचालन में अनिशा, तनिया एवं नविका ने सक्रिय योगदान दिया। विद्यापीठ के कोच उर्वेश शर्मा व प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में लक्ष्मीबाई मैदान में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर व शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर के बीच खेले गए।

आदर्श ग्राम पंचायत रारह में स्वामित्व योजनांतर्गत आबादी भूमि के पट्टे वितरित

- ग्रामीणों को मिली संपत्ति की कानूनी पहचान, सुरक्षित हुआ भविष्य
- पट्टों से ग्रामवासियों को अपने मकान की वैधानिक पहचान प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा

डीग । आदर्श ग्राम पंचायत रारह में केंन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी भूमि के पट्टे जारी किए गए। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच तथा राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित की जा रही है, जिसका उद्धेश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित आवासों को कानुनी स्वामित्व प्रदान कर ग्रामीणों को सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर सरपंच कुसुम सिंह ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत जारी किए गए पट्टों से ग्रामवासियों को अपने मकान की वैधानिक पहचान प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न प्रशासनिक सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही यह योजना भविष्य की पीढियों के लिए संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। पट्टा वितरण के अवसर पर पट्टाधारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सरपंच कुसुम

सरपंच कुसुम सिंह ने पट्टा प्राप्त करने वाले सभी ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई दी।

सिंह ने पट्टा प्राप्त करने वाले सभी ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई वं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता लाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने समस्त ग्राम पंचायत वासियों से अपील की कि जो पात्र परिवार अभी तक अपने आबादी क्षेत्र में निर्मित मकान का पट्टा प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे शीघ्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय ग्राम पंचायत रारह में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि कोई भी पत्र परिवार इस जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

सरंपच ने कहा कि ग्राम पंचायत रारह सतत् विकास, पारदर्शी प्रशासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। स्वामित्व योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत के लक्ष्य की ओर और मजबूती मिलेगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने माल सीज किया

पावटा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक के निर्देशन में पावटा कस्बा स्थित मार्ट का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली बहरोड़ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि पावटा के मैसर्स कैलाश जी मेगा मार्ट से घी पायस ब्रांड का सैंपल लिया गया। साथ ही मैसर्स रामा मेगा मार्ट से घी मिल्क क्रीम ब्रांड का सैंपल लिया गया एवं मिलावट की आशंका होने पर शेष बचे हुए घी मिल्क क्रीम ब्रांड के 500 एमएल के 16 पैक एवं 1 लीटर के 3 पैक सीज किए गए।

उन्होंने बताया कि मार्ट में साफ सफाई नहीं पाए जाने के कारण इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। उक्त सैंपलों को प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया गया एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं विक्रेताओं को खाद्य लाइसेंस एवं खाद्य पंजीयन को डिस्प्ले करने के लिए पाबंद किया गया एवं अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के रख रखाव के बारे में जानकारी दी।

सार-समाचार

मंगलदास महाराज के सान्निध्य में भक्तों ने किए प्रेमानंद महाराज के दर्शन

पावटा। प्रेमानंद महाराज वृंदावन के जाने माने संत हैं, जिनके पास लोग दूर दूर से अपनी परेशानियां व दुविधाएं लेकर पहुंचते हैं। इन्हीं परेशानियों का हल खोजने के लिए प्रेमानंद महाराज का एंकातिक वार्तालाप होता है, जहां महाराज जी लोगों का मार्गदर्शन करते हैं, हाल ही में पावटा क्षेत्र के संत मंगलदास महाराज भी प्रेमानंद महाराज से मिलने और उनके दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। भक्तों ने प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धर्म, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रेमानंद महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देते हुए कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन को सकारात्मक दिशा देता है और समाज में सद्भाव व शांति का संचार करता है। प्रेमानंद महाराज ने भी भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि मानव जीवन में भक्ति, संयम और सेवा का विशेष महत्व है। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आ ान किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के संत मंगलदास महाराज, गसियाराम दास महाराज, कवि उमेश टांक, ओमप्रकाश स्वामी, बाबूलाल स्वामी सहित णमान्य नागरिक, संत-महात्मा एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे आयोजन में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चयी बने छात्राएं''- प्रो.रमेश बैरवा

वजीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय में युवा पखवाड़े के अवसर स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाषचंद्र बोस की स्मृति में आज छात्राओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा ने स्वामी विवेकानंद के युवाओं को आ ान ''उठो,जागो और रुको नहीं जब तक कि लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए'' से प्रेरित होकर छात्राओं से अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहकर समय का उचित प्रबंधन कर मेहनती बनने का आव्हान किया। साथ ही आगामी परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी कर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं से परीक्षा एवं छात्रवृत्ति फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकर समाधान किया। इस अवसर पर संस्कृत प्राध्यापक डॉ भूरसिंह गुर्जर ने नियमित पढ़ाई करने, भूगोल प्राध्यापक ऋषिकेश गुर्जर ने भूगोल प्रैक्टिकल के बारे में,राजनीति विज्ञान प्राध्यापक डॉ गिर्राज प्रसाद जोनवाल ने विवेकानंद के जीवन परिचय एवं समाज सुधार के प्रयासों के बारे में बताया। संचालन हिंदी प्राध्यापक डॉ संपूर्णानंद गौतम एवं छायांकन छात्रा पिंकी माली व राशि उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र प्राध्यापक मानसिंह मीणा एवं पायल सैनी,रश्मि मीना, मोनिका बैरवा, खुशबू मीणा,काजल बैरवा, कल्पना बैरवा,शिवानी सैन,राजकुमारी योगी,कविता जाट ,कोमल गौड़, मुनेशी मीणा, मनीषा चौरसिया सहित बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल रही

सहायता शिविर का आयोजन

राजगढ़। इस दौरान नगर पालिका परिसर में पीड़ित महिला पुरुषों के मूलभूत सुविधाओं के पूर्ण प्रबंध किए गए।सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्रों हेतु नगरपालिका राजगढ़ में मंगलवार को आयोजित शिविर मे घुमंतु परिवारों के लिए विशेष कार्य किए गए। शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की मंशानुसार घुमन्तु समुदाय के सभी व्यक्तियों को ऑन-लाईन घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र जारी किये। इसके साथ राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से जोडा गया। घुमंतु सहायता शिविर में घुमंतु पहचान प्रमाण पत्र हेतु 61 आवेदन प्राप्त हुए। सहायता शिविरों में व्यक्तियों के मतदाता पहचान-पत्र, राशन कार्ड, 05 आधार कार्ड, 45 जाति प्रमाण-पत्र, 37 मूल निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किए गए। इस शिविर में कैंप से संबंधित ब्लॉक स्तरीय तहसील सेवा सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रेशन शिविर का हुआ आयोजन

कोटपूतली। नगरपरिषद कोटपूतली कार्यालय के परिसर में मंगलवार को फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शिविर में 203 फूड रजिस्ट्रेशन के आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश आवेदनो को मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड करके जारी कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि खाद्य पदार्थों के विक्रय, निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन हेतु फूड लाईसेंस या रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। अगर कोई भी विक्रेता बिना लाइसेंस व्यापार करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

बीसीएमओ ने किया निरीक्षण

कोटपूतली। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने जनता क्लीनिक गोपालपुरा रोड़ एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र खेड़की वीरभान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थिति पंजिका, आरसीएच रजिस्टर, हैड काउण्ट सर्वे, एनसीडी, एएनएम के द्वारा फिल्ड विजिट, एएनसी, पीएनसी, टीकाकरण की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। पाई गई कमियों पर एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी कर आवष्यक सुधार के निर्देष दिये गये।

प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन

निवाई। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संस्था प्रधान लक्ष्मी शर्मा एवं कौशल मित्र अनीता चौधरी के सानिध्य में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ब्यूटी एण्ड वैलनेस ट्रेड की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन हुआ। बाह्य मूल्यांकनकर्ता सोनू सैनी ने बताया कि संबंधित ट्रेड की छात्राओं ने परीक्षा में उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्राची शर्मा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

निवाई। विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग 2026 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार करते हुए प्राची शर्मा पुत्री राजेंद्रकुमार शर्मा ने शीर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर उन्हें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा फ्लैग-ऑफ किया गया।